INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	Department: Hindi	Date of submission:
Worksheet No- 7 ANSWERS	Topic: -विलोम, अनेकार्थी, विशेषण, वाक्य शुद्धि	Note: Pl File in portfolio

प्रश्न 1 – दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए |

1. इच्छा x अनिच्छा
2. आलस्य x स्फूर्ति
3. शयन x जागरण
4. विधि x निषेध
5. निंदा x स्तुति
6. वरदान x अभिशाप
7. संक्षेप x विस्तार
8. सगुण x निर्गुण
9. यश x अपयश

प्रश्न 2 – दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए |

1. गोपाल – गाय पालने वाला / कृष्ण / ग्वाला, किसी लड़के का नाम
2. चारा – पशुओं का भोजन, उपाय
3. वन – वाटिका, जंगल
4. नग - पर्वत, नगीना
5. अतिथि – मेहमान, संन्यासी
6. अधर – होंठ , धरती (आकाश के बीच का स्थान)

प्रश्न-3 दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए|

1. इस तेज़ धूप में घर से निकलना मुश्किल है।
2. मुझे लाल-लाल टमाटर बहुत पसंद हैं।
3. काले-काले बादलों को उमड़ते-घुमड़ते देख कृषक प्रसन्न हो उठे।
4. वह बालक तेजस्वी था।

5. आज माँ ने बड़ा लजीज़ भोजन बनाया है।
6. कई मुहल्लों की गलियाँ बच्चों के बिना सुनसान हो गईं।
7. वह लड़की बहुत शर्मीली है।
8. आलसी व्यक्ति जीवन में कभी सफल नहीं होते।
9. पीले-पीले रसीले आम देख लार टपकने लगी।
10. आम के पेड़ पर सौ चिड़ियाँ बैठी हैं|

प्रश्न-4 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए:-

1. अशुद्ध रूप- रविवार के दिन तुम्हारे घर आऊँगा।
   शुद्ध रूप- मैं रविवार को तुम्हारे घर आऊँगा।

2. अशुद्ध रूप- आठ बजने को दस मिनट है।
   शुद्ध रूप- आठ बजने में दस मिनट है।

3. अशुद्ध रूप- मुझे बहुत आनंद आती है।
   शुद्ध रूप- मुझे बहुत आनंद आता है।

4. अशुद्ध रूप- तेरी बात सुनते-सुनते कान पक गए।
   शुद्ध रूप - तेरी बातें सुनते-सुनते कान पक गए।

5. अशुद्ध रूप- पेड़ों पर तोता बैठा है।
   शुद्ध रूप- पेड़ पर तोता बैठा है।

6. अशुद्ध रूप- मैंने तेरे को कितना समझाया।
   शुद्ध रूप - मैंने तुझे कितना समझाया|

7. अशुद्ध रूप- तुम क्या काम करता है?
   शुद्ध रूप - तुम क्या काम करते हो?

8. अशुद्ध रूप- सारी रात भर मैं जागता रहा।
   शुद्ध रूप - मैं सारी रात जागता रहा।